(मूल प्रश्नपत्र)

दिनांक 31.10.2022 को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु हाई स्कूल स्तर की लिखित परीक्षा का प्रश्नपत्र

समय : 2 घण्टे

पूर्णांक : 100 अंक

नोट :– नीचे दिये गये सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिये गये हैं।

प्र0सं0	प्रश्न	अंक
1	(i) निम्न में किसी एक पर निबन्ध लिखें (300 शब्दों में) :– 1. समय का सदुपयोग 2. पेड़–पौधों का महत्त्व 3. आदर्श विद्यार्थी 4. दहेज प्रथा	10
	(ii) निम्न में से किसी एक पर पत्र लिखें – • अस्पताल में फैली अव्यवस्था पर अस्पताल प्रबन्धक को एक पत्र लिखें। अथवा • स्वास्थ्य खराब होने के कारण 02 दिन के अवकाश के संबंध में अपने प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखें।	05
2	(i) पर्यायवाची– एक सही पर्यायवाची बतायें – 1. स्तन्य – (क) खीर (ख) कौंध (ग) पेय (घ) दूध 2. अनिल – (क) पवन (ख) अनल (ग) चक्रवात (घ) पावस 3. अनुपम – (क) पार्थिव (ख) स्वर्गीय (ग) लौकिक (घ) अद्वितीय 4. आकाश – (क) दृग (ख) विप्र (ग) ह्रय (घ) व्योम 5. विभावरी – (क) तरणि (ख) क्षणदा (ग) चन्द्रिका (घ) तपसा	1 X 5 = 5
	(ii) मुहावरें/कहावतें का अर्थ लिखें – 1. आँखों से गिरना 2. ऐसी–तैसी करना 3. कलेजा ठण्डा होना 4. कोल्हू का बैल होना 5. गागर में सागर भरना	1 X 5 = 5
	(iii) विलोम – एक सही विलोम बतायें – 1. जागृति – (क) आलस्य (ख) शिथिलता (ग) सुषुप्ति (घ) अन्यमनस्क 2. तीक्ष्ण – (क) नुकीला (ख) पैना (ग) कुंठित (घ) स्थूल 3. दरिद्र – (क) सम्पन्न (ख) वैभवशाली (ग) प्रतिभाशाली (घ) विपन्न 4. धरा – (क) क्षिति (ख) इला (ग) गगन (घ) अन्तरिक्ष 5. ध्वंस – (क) कठोर (ख) मजबूत (ग) टिकाऊ (घ) निर्माण	1 X 5 = 5
3	सामान्य ज्ञान – सही या गलत बतायें :– 1. राष्ट्रीय पुलिस अकादमी देहरादून में स्थित है। 2. उत्तर प्रदेश राज्य में 1090 को वुमेन पावर लाइन नाम से जाना जाता है। 3. गोकुल पुरस्कार कृषि उत्पादन में बढ़ावा देने से संबंधित है। 4. भारत और पाकिस्तान के बीच ताशकंद समझौता वर्ष 1965 में हुआ था। 5. एक मेगाबाइट, 1024 किलोबाइट के बराबर होती है। 6. गरीबी हटाओं का नारा छठवी पंचवर्षीय योजना काल में दिया गया था। 7. महात्मा गाँधी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष वर्ष 1925 में बने। 8. क्रीमी लेयर सामाजिक एवं आर्थिक हालात से संबंधित है। 9. लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम नई दिल्ली में स्थित है। 10. श्रमिक दिवस 01 मई को मनाया जाता है।	2 X10 = 20

35

(कृ0 पृ0 उ0 P.T.O.)

(मूल प्रश्नपत्र)

(हाई स्कूल स्तर)

4	सामान्य ज्ञान – रिक्त स्थान भरें :– 1. प्राचीनतम वेद .... है। 2. रामायण में माण्डवी .... की पत्नी थी। 3. भारत का संविधान .... की अवधि में लिखा गया था। 4. भारत के प्रथम गृहमंत्री .... थे। 5. रक्त लाल दिखाई देने का कारण .... होता है।	2 X 5 = 10
5	गणित :– 1. दो संख्याओं का योग 20 व अन्तर 10 है, तब उन संख्याओं का गुणनफल क्या होगा? 2. 30 का 40% = 60 का ? % 3. यदि दो संख्याओं में से एक संख्या 30 हो एवं इनका लघुत्तम समापवर्तक एवं महत्तम समापवर्तक क्रमशः 60 एवं 05 हो तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए? 4. यदि A की आय B की आय से 25% अधिक हो तो B की आय A से कितने प्रतिशत कम है? 5. यदि A:B = 3:2 व B:C = 5:1 हो तो A:B:C ज्ञात करों।	4 X 5 = 20
6	GIVE ONE WORD FOR THE FOLLOWING IN HINDI :- 1- Leaves 2- Swing 3- Bucket 4- Cupboard 5- Pillow	2 X 5 = 10
7	GIVE ONE WORD FOR THE FOLLOWING IN ENGLISH :- 1. आभूषण 2. झरना 3. पंचांग 4. अधिसूचना 5. कंजूस	2 X 5 = 10